हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 11 अप्रैल 2026

तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 22. 0 डिग्री

2 शिक्षक सहित 5 अलग-अलग ठिकानों पर वन विभाग का छापा, लाखों का चिरान जब्त





## खबर संक्षेप

### मोर गांव, मोर पानी: नवा तरिया से बढ़ेगी जल संपदा और आजीविका

**जांजगीर-चांपा।** जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में "मोर गांव, मोर पानी अभियान" अंतर्गत वर्षा जल संरक्षण एवं भूजल संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से "नवा तरिया आय के जरिया" अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। अभियान के तहत ग्रामीणों को नवीन तालाब निर्माण के महत्व से अवगत कराते हुए ग्राम स्तर पर स्थल चयन एवं कार्ययोजना तैयार कर तालाब निर्माण कार्यों पर चर्चा की जा रही है। यह कार्य महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के समन्वय से संचालित किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि नवा तरिया के माध्यम से जल संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीणों, विशेषकर महिला स्व-सहायता समूहों के लिए आजीविका के नए अवसर सृजित होंगे।

### पुलिस ने अवैध महुआ शराब के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** पुलिस द्वारा अवैध शराब के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में बलौदा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 7 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम कटरा नयापारा निवासी संतोश धनवार उम्र 45 वर्ष द्वारा अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की, जहां से आरोपी के कब्जे से लगभग 7 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमत करीब 1400 रुपये बरामद की गई। इस मामले में आरोपी के खिलाफ के तहत धारा 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत कार्रवाई की गई और उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक मनोहर लाल सिन्हा के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक सहेत्तर पाटले, आरक्षक रज्जू रात्रे, सुमीत श्रीवास, रोहित साहू, संतोष रात्रे एवं महिला आरक्षक रूखमणी निर्मलकर का योगदान रहा।

### छग शासकीय लघु वेतन कर्मचारी संघ प्रबंध समिति की बैठक कल

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ शासकीय लघु वेतन कर्मचारी संघ की प्रबंध समिति की बैठक रविवार 12 अप्रैल को नहरिया बाबा रोड तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ कार्यालय जांजगीर में होगी। इस दौरान प्रांत अध्यक्ष का निर्वाचन दोपहर 1 बजे होगा। बैठक में सचिव, जिला शाखा, तहसील शाखा एवं विकासखंड शाखा के पदाधिकारी एवं सदस्यों के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित होने अपील की गई है।

### एनएचएम भर्ती : 23 संविदा पदों के लिए परीक्षा होगी 22-23 को

**जांजगीर-चांपा।** जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम के अंतर्गत संविदा भर्ती प्रक्रिया को लेकर बड़ी अपडेट सामने आई है। जिले में 23 संविदा पदों के लिए परीक्षा की तिथियां घोषित कर दी गई हैं। यह परीक्षा 22 और 23 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, पहले 12 मार्च 2024 को 48 संवर्ग के 148 पदों के लिए भर्ती विज्ञापन जारी किया गया था। इनमें से अब 4 संवर्ग के 23 पदों के लिए पात्र अभ्यर्थियों की सूची 8 दिसंबर 2025 को आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित की गई थी। मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, नर्सिंग अधिकारी पद, फार्मासिस्ट, स्टाफ नर्स के लिए परीक्षा आयोजित की गई है। परीक्षा शासकीय जीएनएम प्रशिक्षण महाविद्यालय जिला अस्पताल परिसर जांजगीर में रखी गई है। परीक्षा सुबह 9 बजे से 11 बजे तक पंजीयन, इसके बाद कौशल परीक्षा, लिखित परीक्षा और साक्षात्कार का आयोजन रखा गया है।

## अब खाद के लिए भी फार्मर आईडी अनिवार्य, एग्रीस्टेक पोर्टल में दर्ज रकबे पर ही होगा वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए जिस तरह से एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य किया गया था, उसी तरह खाद लेने के लिए भी किसानों का फार्मर आईडी अनिवार्य कर दिया गया है। आगामी खरीफ सीजन में उन्हीं किसानों को समितियों से खाद मिलेगा, जिनका फार्मर आईडी होगा। खास बात यह है कि एग्रीस्टेक पोर्टल में दर्ज रकबे के अनुसार ही किसानों को खाद का वितरण किया जाएगा।

शासन द्वारा खाद की कालाबाजारी रोकने के साथ वास्तविक किसानों को ही रसायनिक खाद उपलब्ध कराने की मंशा से खाद वितरण के लिए फार्मर आईडी को अनिवार्य कर दिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक एग्रीस्टेक योजना अंतर्गत किसानों के लिए फार्मर आईडी अनिवार्य है। आगामी खरीफ सीजन में किसानों को एग्रीस्टेक पोर्टल में दर्ज रकबे के आधार पर ही खाद का वितरण किया जाएगा। यह एक तरह से आधार कार्ड जैसा होगा। जिसमें किसानों की व्यक्तिगत जानकारी के अलावा उसके बैंक खाते और सबसे महत्वपूर्ण उसका भू अभिलेख (भुईया पोर्टल के अनुसार भूमि का विवरण) दर्ज होता है। इसको लेकर नजदीकी समिति और च्वाईस सेंटरों में पंजीयन का काम शुरू हो गया है।

### पंजीयन कराने की प्रक्रिया शुरू, च्वाईस सेंटरों में भीड़

**खास बातें**

- जांजगीर जिले में 1 लाख 22 हजार तो वहीं सक्ती जिले में 95 हजार से अधिक पंजीकृत किसान
- जांजगीर एवं सक्ती जिले को मिलाकर 196 सेवा सहकारी समितियों का संचालन
- आधार कार्ड की तरह किसानों का बनाया जाना है विशेष पहचान पत्र




### किसानों को जल्द पंजीयन कराने की अपील

**सक्ती।** खरीफ सीजन में खाद की बिक्री में पारदर्शिता लाने और सब्सिडी का लाभ सीधे सही किसानों तक पहुंचाने के लिए एग्रीस्टेक योजना अंतर्गत किसानों के लिए फार्मर आईडी को अनिवार्य कर दिया गया है। अब किसानों को खरीफ सीजन में उर्वरकों का वितरण एग्रीस्टेक पोर्टल में दर्ज रकबे के आधार पर किया जाएगा। फार्मर आईडी किसान की एक डिजिटल पहचान है, जो केंद्र और राज्य सरकार के साझा प्रयास एग्रीस्टेक के तहत तैयार की जाती है। यह आधार कार्ड की तरह ही एक विशिष्ट पहचान संख्या होती है, जिसमें किसान का व्यक्तिगत विवरण, उसके बैंक खाते की जानकारी और सबसे महत्वपूर्ण उसका भू-अभिलेख लिंक होता है। शासन ने किसानों को शत-प्रतिशत पहचान पत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इसका उद्देश्य बिचौलियों पर नियंत्रण करना, खाद की कालाबाजारी को रोकना तथा वास्तविक किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराना है। जिन किसानों के पास अभी तक फार्मर आईडी नहीं है, उन्हें जल्द से जल्द बनवाने के लिए कहा जा रहा है, ताकि उन्हें उर्वरक प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### शहर के साथ कस्बाई इलाकों में भी बढ रही बाहरी लोगों की धमक

## सुरक्षा पर सवाल, मुसाफिरी दर्ज करने गंभीर नहीं पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में इन दिनों बाहरी लोगों की आवाजाही लगातार बढ़ रही है। ना केवल शहर बल्कि कस्बाई इलाकों में भी कई तरह के घुमंतु किस्म के व्यापारियों की धमक बढ़ी है। इसके साथ ही अपराध का ग्राफ भी बढ़ते क्रम में है। बावजूद इसके जिम्मेदार पुलिस बाहरी लोगों की आवाजाही पर नजर रखने नियमित रूप से मुसाफिरी दर्ज करने गंभीर नहीं है।

दूर दराज थाना क्षेत्रों की बात तो दूर जांजगीर चांपा जैसे बड़े शहरों में भी मुसाफिरी दर्ज लिखने विशेष ध्यान नहीं दिया जाता। जिले में एक ओर जहां अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ते जा रहा है। वहीं इस पर अंकुश लगाने वाली पुलिस की कार्यशैली सुस्त होते दिखाई पड़ रही है। जिले में जिस तरह से चोरी, डकैती और लूटपाट की वारदातों में इजाफा हो रहा है, उसके मद्देनजर पुलिस की कार्यशैली महज औपचारिक ही साबित हो रही है। पिछले कुछ दिनों से जांजगीर चांपा जिले में बाहरी लोगों की धमक बढ़ने लगी है। खास करके फेरी वाले, सड़कों पर दुकान लगाने वाले और दिगर प्रांत से आकर तमाम तरह की जड़ी बूटियां, लोहे के औजार और मूर्ति बनाकर बेचने वालों का डेरा कई जगहों पर लगने लगा है। इनमें महिला, पुरूषों ओर बच्चों के साथ पूरा कुनबा होता है, जो हफ्ते, 10 दिनों तक डेरा जमाकर अपना कारोबार करते है। इसके साथ ही इनमें से बहुत सी महिलाएं और अधेड़ भीख मांगने के लिए भी घर घर दस्तक दे रहे है। ऐसे में किसी प्रकार की वारदातों को अंजाम देकर निकलने की संभावनाओं से भी इंकार नहीं किया जा सकता। इसी तरह जिला मुख्यालय जांजगीर, चांपा, अकलतरा, पामगढ़, शिवरीनारायण, नवागढ, बम्हनीडीह जैसे थाना क्षेत्रों में बाहरी लोगों की आवाजाही बढ़ने लगी है। जिसको लेकर उनकी पहचान और आवाजाही पर नजर रखने मुसाफिरी दर्ज करने की आवश्यकता महसूस हो रही है, लेकिन इन सबको लेकर पुलिस किसी प्रकार गंभीर नजर नहीं आ रही है।



कमाने खाने के लिए पहुंचे लोग।

### दूसरे राज्यों से आकर घटना को दे जाते हैं अंजाम

कई आपराधिक प्रवृत्ति के लोग दूसरे राज्य जिसमें पश्चिम बंगाल उड़ीसा तेलंगाना आंध्र प्रदेश उत्तर प्रदेश बिहार समेत कई अन्य राज्यों से बड़े पैमाने पर लोग आकर यहां के उद्योग सहित अन्य संस्थानों में काम करते हैं। इस दौरान ऐसे लोगों की समुचित जानकारी थानों में नहीं रहती है कई बार कई आपराधिक प्रवृत्ति के लोग चोरी हत्या दुष्कर्म प्रताड़ना सहित कई अन्य गंभीर अपराधों को अंजाम देने के बाद भाग जाते हैं। वहीं पुलिस थानों में इनके बारे में कोई जानकारी नहीं होती और ना ही संबंधित मकान मालिक उनकी जानकारी देना मुनासिब तक नहीं समझते। जिसके कारण अपराधी घटनाओं को अंजाम देने के बाद भाग जाते हैं। वही आरोपियों तक पहुंचने में पुलिस को काफी मेहनत करनी पड़ती है।

### जारी किए हैं निर्देश

जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारी को मुसाफिर दर्ज करने को लेकर निर्देशित किया गया है। साथ ही साथ मामलों की मॉनिटरिंग भी की जाती है।

**-उमेश कश्यप,**
अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक
जांजगीर-चांपा

## अवैध उत्खनन कर निकाले दो सौ ट्रैक्टर रेत को वापस नदी में डलवाया

### परिवहन में संलिप्त 2 हाइवा को थाने के किया सुपुर्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

रेत के अवैध उत्खनन, भंडारण व परिवहन पर कार्रवाई की है। साथ ही 2 सौ ट्रैक्टर रेत को वापस नदी में डलवाया गया है। उक्त कार्रवाई राजस्व, खनिज एवं पुलिस विभाग के संयुक्त टीम द्वारा की गई है।

ज्ञात हो कि रेत के अवैध भंडारण व परिवहन को लेकर संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई कर वाहनों को भी जब्त किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार 10 अप्रैल को कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज उत्खनन, भंडारण एवं परिवहन पर नियंत्रण हेतु लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में राजस्व, खनिज एवं पुलिस विभाग के संयुक्त दल द्वारा ग्राम नवापारा में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध जांच कर कार्रवाई की गई। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान स्थल पर अवैध रेत भंडारण पाए जाने पर प्रकरण दर्ज किया गया। साथ ही नदी किनारे डंप लगभग 2 सौ ट्रैक्टर रेत को वापस नदी में डलवाया गया। कार्रवाई के दौरान अवैध परिवहन में संलिप्त 2 हाईवा वाहनों को जब्त कर पुलिस लाइन में सुरक्षार्थ रखा गया है। दर्ज प्रकरण पर खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 21 से 23 (ख) के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध उत्खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। उल्लेखनीय है कि नदी का सीना चीरकर खनिज माफिया इन दिनों रेत का अवैध परिवहन व उत्खनन कर रहे है। जिसके चलते संयुक्त टीम द्वारा रेत घाटों में दबिश देकर रेत के साथ साथ प्रयुक्त वाहनों को भी जब्त करने की कार्रवाई की जा रही है। इधर कार्रवाई से खनिज माफियाओं में हडकंप मचा हुआ है।





रेत को वापस नदी में डलवाते संयुक्त टीम।

## अंबेडकर भवन पहुंचे अधिकारी, प्रतिमा स्थापना का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

नगर पालिका परिषद चांपा के वार्ड क्रमांक 20 स्थित अंबेडकर भवन में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापना की मांग को लेकर उठे विवाद के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और जनप्रतिनिधियों से चर्चा की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद दुर्गा प्रसाद कुर्रे द्वारा अंबेडकर भवन में प्रतिमा स्थापना की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया था साथ ही 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती से पूर्व मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी गई थी। इसके बाद प्रशासन पर दबाव बढ़ा। नगर पालिका परिषद चांपा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी, चांपा थाना प्रभारी, तहसीलदार, नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव एवं पार्षदगण अंबेडकर भवन पहुंचे। अधिकारियों ने रामबांधा तालाब के समीप स्थित भवन का निरीक्षण किया और वहां की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान पार्षद दुर्गा प्रसाद कुर्रे ने अधिकारियों को बताया कि अंबेडकर भवन में वर्षो से सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शासकीय कार्यक्रम आयोजित होते आ रहे हैं, लेकिन अब तक बाबा साहेब की प्रतिमा स्थापित नहीं की गई है, जिससे आम नागरिकों और समाज के लोगों में नाराजगी व्याप्त है।अधिकारियों ने पार्षद एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि प्रतिमा स्थापना के संबंध में जल्द ही आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर उचित निर्णय लिया जाएगा।



## सीएचसी बलौदा में एमटीपी की मिलेगी सुविधा, मरीजों को मिलेगा लाभ

**बलौदा।** समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बलौदा में स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार हुआ है। जिसके तहत सीएचसी बलौदा में एमटीपी की सुविधाएं मिलने लगी है। जिसके इंचार्ज डॉ. पी. एस. बैस हैं। साथ ही साथ विगत दिनों निरीक्षण के दौरान कलेक्टर द्वारा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बलौदा में ओटी रूम तैयार कर ऑपरेशन कराने हेतु निर्देश दिया गया है, जिसकी तैयारी की जा रही है। डॉ. पी. एस. बैस एनेस्थेटिस्ट हैं, जो अपनी सेवाएं आवश्यकतानुसार सीएचसी अकलतरा जिला चिकित्सालय जांजगीर, सीएचसी बम्हनीडीह में देते आ रहे है। बलौदा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सिजेरियन ऑपरेशन की व्यवस्था हो सकती है, जिसका लाभ जनता को केंद्र सरकार की महती योजना आयुष्मान भारत के तहत निशुल्क मिलेगा।

## सफाई कर्मचारियों को दिखाया बाहर का रास्ता, कलेक्टर से लगाई फरियाद



शिकायत करने पहुंचे सफाई कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

नगर पंचायत बम्हनीडीह में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को काम से बाहर कर दिया गया है। साथ ही काम में रखने को लेकर राशि की मांग की जा रही है। इसे लेकर कर्मचारियों ने कलेक्टर से फरियाद लगाते हुए सीएमओ पर कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार नगर पंचायत बम्हनीडीह में कार्यरत सफाई कर्मचारियों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कलेक्टर से इसकी लिखित शिकायत दर्ज कराई है सफाई कर्मचारीयो अपने शिकायत में बताया है की उनसे नौकरी बचाने के बदले रिश्वत की मांग की गई और पैसा नहीं देने पर उन्हें कार्य से बाहर कर दिया गया है। सफाई कर्मचारीयो ने सीएमओ और कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाया है कि इनके द्वारा रिश्वत की मांग की जा रही है और नहीं देने पर उनको काम से निकाल कर किसी और कर्मचारी को काम पर रख लिया गया है। सफाई कर्मचारीयों ने बताया की लखेश्वर पटेल राजू और संजय के द्वारा उनसे पहले ही 5 हजार रुपए नगर पंचायत भवन के पीछे लेजाकर ले लिया गया है और उसके बाद भी 20 हजार रुपए की अतिरिक्त रिश्वत की मांग की जा रही है, जब की दोनों कर्मचारी नगर पंचायत के रेगुलर कर्मचारी नहीं है। शिकायत कर्ता ने आरोप लगाया है कि वर्तमान सीएमओ और उनके अधीनस्थ कर्मचारी द्वारा प्रत्येक सफाई कर्मचारी से 20 हजार रुपए की मांग की गई। उन्हें बिना किसी लिखित आदेश और पूर्व सूचना के कार्य से हटा दिया गया।

इस संबंध में चांपा एसडीएम पवन कोसमा का कहना है कि सफाई कर्मचारियों ने नगर पंचायत सीएमओ व कर्मचारियों के खिलाफ शिकायत की है। जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### एसपी कार्यालय पहुंचकर कार्रवाई की रखी मांग

## गांव में शराब की अवैध बिक्री एवं नशीली पदार्थो को लेकर महिलाओं ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय जांजगीर से लगे ग्राम पंचायत खोखरा में शराब की अवैध बिक्री एवं नशीली पदार्थो की बिक्री को लेकर गांव की महिलाओं ने मोर्चा खोल दिया है। महिलाओं ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर इस पर कार्रवाई की मांग की है।

गौरतलब है कि जांजगीर शहर से लगे ग्राम पंचायत खोखरा में नशीली पदार्थो की खुलेआम बिक्री हो रही है। साथ ही गांव में अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है। इसे लेकर गांव की महिलाएं लामबंद हो रही है। आबकारी विभाग की सुस्ती के चलते गांवों में कच्ची महुआ शराब और गांजे की बिक्री धड़ल्ले से जारी है, जिससे महिलाएं बेहद परेशान हैं। जिला मुख्यालय से लगे ग्राम पंचायत खोखरा में हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि सैकड़ों महिलाएं, महिला कमांडो के साथ आज सीधे पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच गईं। महिलाओं का साफ कहना है कि गांव में खुलेआम अवैध शराब बेची जा रही है, जिससे परिवार और समाज दोनों बर्बाद हो रहे हैं। जहां महिलाओं का कहना है कि नशे के कारण युवा व बच्चे इसके गिरफ़्त में फंसतेजा रहे है। जिसके चलते घर परिवार बर्बाद हो रहे है। इस मामले को लेकर खोखरा गांव की महिलाएं बड़ी संख्या में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची। इस बीच गांव में अवैध शराब की बिक्री को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से इस पर उचित कार्रवाई की मांग की है। महिलाओं का कहना है कि गांव में नशीले पदार्थो के साथ शराब की बिक्री अवैध रूप से की जा रही है। जिससे गांव का माहौल खराब होने के साथ युवा एवं बुजुर्ग नशे के चंगुल में फंस रहे है। महिलाओं ने प्रभारी पुलिस अधीक्षक से मिलकर ज्ञापन सौंपा और सख्त कार्रवाई की मांग की। इस पर पुलिस अधीक्षिक ने तुरंत कार्रवाई का आश्वासन दिया है।




एसपी कार्यालय पहुंचे खोखरावासी।

## खबर संक्षेप



### न्यू शांति नगर हाउसिंग बोर्ड में सड़क निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन

**कोरबा।** वार्ड क्रमांक 39 के अंतर्गत न्यू शांति नगर हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में पार्षद तरुण राठौर एवं समस्त क्षेत्रवासियों की उपस्थिति में विधिवत भूमि पूजन कर सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। यह कार्य क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे नागरिकों को बेहतर आवागमन सुविधा प्राप्त होगी और क्षेत्र की आधारभूत संरचना को मजबूती मिलेगी। इसी प्रकार भविष्य में भी वार्ड में निरंतर विकास कार्य किए जाते रहेंगे, ताकि सभी नागरिकों को सुविधाजनक एवं सुगम जीवन-पर्यावरण मिल सके।

### शिक्षण संस्थानों से रुचि की अभिव्यक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन की मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति तथा जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिले के उत्कृष्ट निजी आवासीय शिक्षण संस्थानों से प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। वर्ष 2026-27 के लिए योजना के अंतर्गत निजी विद्यालयों के इम्पैनलमेंट हेतु सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग द्वारा रुचि की अभिव्यक्ति का आमंत्रण जारी किया गया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभावान विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है।

### बारात से लौट रही कार पेड़ से टकराई

**रायगढ़।** जिले में बुधवार देर रात एक सड़क हादसे में 8 ग्रामीण घायल हो गए। 3 लोगों की हालत गंभीर है। सभी बारात से लौट रहे थे, तभी उनकी कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, चंद्रपुर क्षेत्र के ग्राम कुंदरुझांज के ग्रामीण ओडिशा के विश्वनाथपुर में बारात में शामिल होकर लौट रहे थे। देर रात सभी ईको कार में सवार होकर घर वापस आ रहे थे। कार चालक चंद्रमणि जैसे ही बंगुरसिया के पास पहुंचा, वाहन तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया। टक्कर के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी और सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे में आकांक्षा, रामकुमारी, रामवती, जया, कैलाशा बाई, रूमा और चालक चंद्रमणि घायल हुए हैं। 3 की हालत गंभीर, बाकी को सामान्य चोटें डॉक्टरों के अनुसार, घायलों में तीन की हालत गंभीर बनी हुई है, जबकि अन्य को सामान्य चोटें आई हैं। सभी का इलाज जारी है। इस मामले में चक्रधर नगर थाना पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही हादसे की वजह मानी जा रही है।

### कोल इंडिया ने ठेका मजदूरी की दरों में किया संशोधन

**कोरबा।** कोल इंडिया ने ठेका मजदूरों की मजदूरी दरों में संशोधन किया है। जारी अधिसूचना के मुताबिक औद्योगिक श्रमिकों के औसत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए मजदूरी दरों में संशोधन किया गया है। नई दरें 1 अप्रैल से लागू होकर 30 सितंबर तक प्रभावी रहेंगी। इसमें परिवर्तनीय महंगाई भत्ता (वीडीए) को शामिल किया गया है। इसके अनुसार नई दैनिक मजदूरी दरें अकुशल श्रमिकों के लिए 1320 रुपये प्रति दिन, अर्धकुशल/ सुपरवाइजरी श्रमिकों के लिए 1354 रुपये, कुशल के लिए 1387 रुपये व उच्च कुशल श्रमिक को 1421 रुपये प्रतिदिन निर्धारित की गयी हैं। कंपनी के अनुसार यह कदम श्रमिकों को महंगाई के प्रभाव से राहत देने व उनकी आय में संतुलन बनाये रखने के उद्देश्य से उठाया गया है। इसका लाभ खनन गतिविधियों में लगे ठेका मजदूरों को मिलेगा। इसे सभी संबंधित अनुषंगी कंपनियों एसईसीएल, बीसीसीएल, सीसीएल, इसीएल समेत अन्य इकाइयों में लागू किया जायेगा।

# डीएसपीएम संयंत्र ने 91 प्रतिशत पीएलएफ के साथ रचा कीर्तिमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी की डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि के लिए ऊर्जा सचिव एवं विद्युत उत्पादन एवं वितरण कंपनी के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव ने उत्पादन कंपनी के समस्त अधिकारी/कर्मचारियों को बधाई दी है।

अलग खबर

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक एसके कटियार ने बताया कि केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) द्वारा जारी रिपोर्ट में हमारे संयंत्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है जिसमें डीएसपीएम ने सर्वोत्तम प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान हासिल किया है। यह हमारे कुशल प्रबंधन एवं संयंत्रों के नियमित रख-रखाव का परिणाम है कि निर्धारित मापदण्डों से कई ज्यादा हमारे संयंत्र ने परफॉर्म कर राष्ट्रीय स्तर पर यह कीर्तिमान

**संयंत्र को राष्ट्रीय स्तर पर मिला तीसरा स्थान**



हासिल किया है। डीएसपीएम के दोनों (2×250 मेगावॉट) क्षमता के विद्युत इकाईयों ने 2025-26 में 91 प्रतिशत पीएलएफ (प्लांट लोड फैक्टर) अर्जित किया है। डीएसपीएम ने सीईए (केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण) एवं सीएसईआरसी (छत्तीसगढ़ स्टेट इलेक्ट्रिसिटी रेग्युलेटरी कमीशन) के निर्धारित लक्ष्य 85 प्रतिशत से भी अधिक 91 प्रतिशत पीएलएफ प्राप्त कर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी का गौरव बढ़ाया है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी ने एक और उपलब्धि हासिल की है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) के वार्षिक मूल्यांकन में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन का समग्र प्रदर्शन भी अच्छा रहा है जिसमें 33 संस्थाओं में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी तीसरा स्थान हासिल कर टॉप तीन की श्रेणी में शुमार है। एसके कटियार ने पॉवर जनरेशन कंपनी के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि इस उपलब्धि से छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी को देश के ऊर्जा उत्पादन पटल पर और अधिक सशक्त पहचान मिली है। हम आगे भी अपना सर्वोत्तम प्रस्तुति देते रहेंगे और कंपनी के प्रगति में नित प्रयासरत रहेंगे।

## बालको वन परिक्षेत्र के सतरेंगा में पुलिस व वन विभाग के 55 अधिकारी कर्मचारियों ने मारा था छापा

# शिक्षक सहित 5 अलग-अलग ठिकानों पर वन विभाग का छापा, लाखों का चिरान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वनांचल क्षेत्र में कुछ ग्रामीणों द्वारा जंगल से बड़े पैमाने पर साल, बीजा समेत अन्य प्रजातियों के पेड़ों की कटाई कर उसे चिरान बनाकर घर में छिपाया गया था। जिसे खपाने की तैयारी की जा रही थी। इस बीच 55 से अधिक वन विभाग के अधिकारियों कमर्चारियों ने 6 अलग-अलग स्थानों में दबिश दी। जहां लाखों रुपए कीमती साल, बीजा व अन्य प्रजाति के चिरान जब्त करने में सफलता हासिल की है। जिसकी कीमत 5 लाख रुपए बतायी जा रही है। मामले में पकड़े गए आरोपियो के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध किया है।

कोरबा वन मंडलाधिकारी प्रेमलता यादव को मुखबीर से सूचना मिली थी कि बालको रेंज के सतरेंगा क्षेत्र में कुछ ग्रामीणों द्वारा बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई कर चिरान तैयार किया गया है और उसे खपाने की तैयारी की जा रही है। सूचना मिलते ही वन मंडलाधिकारी प्रेमलता यादव ने आरोपियों की धरपकड़ के लिए एसडीओ सूर्यकांत सोनी व वन



जप्त किए गए चिरान।

परिक्षेत्र अधिकारी बालको जयंत सरकार एवं नव पदस्थ वन परिक्षेत्र अधिकारी देवव्रत सिन्हा सहित 55 अधिकारी कर्मचारियों की टीम ने सर्च वारंट के साथ ग्राम सतरेंगा स्थित 6 घरों में दल - बल के साथ दबिश दी गई। इस दौरान भारी मात्रा में व्यापार करने के उद्देश्य से अवैध रूप से संग्रहण कर रखे गये बीजा, साल, हल्दू एवं अन्य प्रजाति के लकड़ी का चिरान बरामद की गई जिसे विधिवत जब्त किया गया। वन विभाग की टीम ने जगत निर्मलकर पिता तेजराम जो कि पेशे से शिक्षा विभाग में शिक्षक के रूप में पदस्थ है के घर से साल, बीजा एवं अन्य प्रजाति के 254 नग चिरान, महेत्तर सिंह पिता नान्ही श्रीवास के घर से साल, बीजा एवं हल्दू प्रजाति के 73 नग चिरान, घासीराम पिता रामसाय के घर से साल प्रजाति के 18 नग चिरान, लच्छीराम पिता उजियार साय के घर से साल एवं बीजा प्रजाति के 10 नग चिरान, भगत राम पिता घासीराम के घर से साल प्रजाति के 04 नग चिरान जप्त किया गया। कार्यवाही के दौरान कुल 359 नग चिरान जप्त किए गए, जिनकी कुल मात्रा लगभग 5.405 घनमीटर ऑकी गई है। जप्त की गई लकड़ी का अनुमानित बाजार मूल्य 4.25 लाख रूपये है। उक्त कार्यवाही में पुलिस बल एवं वन विभाग के कुल 55 अधिकारी एवं कर्मचारियों की संयुक्त टीम के द्वारा शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न की गई है, जिसमें बालको, कोरबा एवं लेमरू परिक्षेत्र के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए। इस मामले में वन अधिनियम के तहत आगे की वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। कार्यवाही के दौरान कांती कुमार कंबर, परिक्षेत्र सहायक बालको, सुशील कुमार साहू, परिक्षेत्र सहायक अजगरबहार, रामेश्वर सिंह सिदार, परिक्षेत्र सहायक बड़गांव, श्रवण कुमार गायकी, परिक्षेत्र सहायक लेमरू, ओमप्रकाश भारद्वाज, परिक्षेत्र सहायक दोन्द्रो, अनिल कुमार कंबर, परिक्षेत्र सहायक अजगरबहार ने शामिल रहे।

## युवा कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन



धरना प्रदर्शन के बाद ज्ञापन सौंपते पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल एवं कांग्रेसी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

युवा कांग्रेस एवं कांग्रेस के अन्य संगठनों ने गुरुवार को बालको प्रबंधन के खिलाफ एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया । इस दौरान प्रभावित छोटे ठेले गुमटी संचालकों व लघु व्यवसायिओं और उनके परिजनों के साथ कांग्रेसी मौजूद थे ।

**खास बात**
- राष्ट्रपति के नाम सौंपा गया ज्ञापन

पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने बालको प्रबंधन की नीतियों को जनविरोधी बताते हुए आगाह किया कि यदि कार्यशैली में जनहितैषी गतिविधियां को नहीं अपनाया जाता है तो उग्र आन्दोलन किया जायेगा जिसके लिए प्रशासन और प्रबंधन दोनों ही जिम्मेदार होंगे।

इस दौरान अतिरिक्त तहसीलदार विष्णु प्रसाद पैकरा एवं नायब तहसीलदार दीपक पटेल को महामहिम राष्ट्रपति के नाम संबोधित एक ज्ञापन सौंपा गया जिसे कलेक्टर कोरबा के माध्यम से प्रेषित किया गया है। युवा कांग्रेस अध्यक्ष राकेश पंकज, ग्रामीण अध्यक्ष विकास सिंह, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश राठौर, सुशांत मिश्रा, सुमेर डालमिया, तनवीर अहमद, सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, कुसुम द्विवेदी, मोहन प्रधान, नत्थू लाल यादव, सपना चौहान, राज जायसवाल, पुष्पा पात्रे, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, सहित सभी मंडल, ब्लॉक, वार्ड एवं बूथ कमेटी के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# शहर की यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने सड़क पर उतरे आयुक्त व सभापति



दुकानदारों को समझाइश देते निगम आयुक्त व सभापति।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सुनालिया चौक से पुराने कोरबा शहर होते हुये सीतामणी स्टाटिंग प्वाइंट तक अव्यवस्था के चलते बेपटरी हो चुकी आवागमन व्यवस्था को पटरी पर लाने, प्रतिदिन लगने वाले अनावश्यक जाम से लोगों को राहत दिलाने हेतु आयुक्त आशुतोष पाण्डेय व सभापति नूतन सिंह ठाकुर सड़क पर उतरे, लोगों को समझाईश दी, सड़कों पर वाहनों की बेतरतीब पार्किंग को व्यवस्थित कराया, वहीं सड़क पर अतिक्रमण पर अर्थदण्ड भी लगाया, साथ ही आगे इस पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश भी अधिकारियों को दिये। विगत दिन कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिला अधिकारियों की बैठक लेकर कोरबा पुराने शहर में अव्यवस्था के चलते सड़क पर प्रतिदिन लगने वाले जाम एवं वहाँ पर बेपटरी हो चुकी आवागमन व्यवस्था पर नाराजगी जाहिर करते हुये व्यवस्था में तत्काल सुधार लाने के निर्देशा दिये थे।

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने बुधवार शाम को निगम के सभापति नूतन सिंह ठाकुर, स्थानीय पार्षद टामेश अग्रवाल एवं ईश्वर पटेल, पुलिस प्रशासन के अधिकारियों व नगर निगम की टीम के साथ कोरबा के सुनालिया चौक से सीतामणी स्टार्ट प्वाइंट तक आफिसियल मार्च निकाला, सम्पूर्ण मार्ग का पैदल भ्रमण करते हुये डोर-टू-डोर पहुंचे, दुकानदारोंव्यवसायियों को समझाईश दी कि वे अपनी दुकानों के सामने सड़क पर वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग न होने दें, विज्ञापन बोर्ड प्रदर्शन विक्रय सामग्री सड़कों पर न रखें एवं शहर की यातायात व्यवस्था को बनाये रखने में अपना सहयोग दें। इस मौके पर सड़कों पर अतिक्रमण करने वालों व बेतरतीब पार्किंग कर आवागमन बाधित करने वालों पर सांकेतिक अर्थदण्ड भी लगाया गया तथा अगले दिन से इस पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश अधिकारियों को दिये गये।

**पुलिस व निगम की टीम रखेगी कड़ी नजर**

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने कोरबा पुराने शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने एवं वहां पर प्रतिदिन पैदा की जाने वाली अव्यवस्था को दुरूस्त करने हेतु अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये हैं। उन्होने कहा है कि निगम के अधिकारियों की टीम पुलिस प्रशासन व यातायात विभाग के साथ मिलकर प्रतिदिन सायं 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक उक्त सम्पूर्ण मुख्य मार्ग पर कड़ी नजर रखेगी तथा यह सुनिश्चित करायेगी कि सड़क पर वाहनों की बेतरतीब पार्किंग न हों, विज्ञापन बोर्ड व विक्रय सामग्रियॉं दुकानों के बाहर न रखी जाये, यदि ऐसा किया जाता है तो टीम इस पर कड़ी कार्यवाही करेगी, अर्थदण्ड लगायेगी तथा सामग्री जप्ती की कार्यवाही भी करेगी।

### भविष्य निधि कानून में बदलाव उल्लंघन पर 50 हजार तक जुर्माना

**कोरबा।** केंद्र सरकार ने कोयला खदान भविष्य निधि तथा विविध उपबंध अधिनियम 1948 के तहत दंड प्रावधानों में बड़ा संशोधन किया है। नये प्रावधानों के तहत अब नियमों के उल्लंघन पर लगने वाला जुर्माना कई गुना बढ़ा दिया गया है। किसी भी प्रकार के उल्लंघन पर अब न्यूनतम पांच हजार रुपये से लेकर अधिकतम 50 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जायेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम कोयला क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण है। अब पहले की तुलना में छोटी सजा के बजाय कड़े आर्थिक दंड का प्रावधान लागू किया गया है, जिससे कंपनियों और ठेकेदारों पर नियमों का पालन करने का दबाव बढ़ेगा। पुराने कानून के अनुसार किसी भी व्यक्ति द्वारा अधिनियम या उसके तहत बनाये गये किसी योजना का उल्लंघन करने पर अधिकतम छह महीने की सजा या 1000 रुपये तक जुर्माना या दोनों का प्रावधान था। बार-बार उल्लंघन करने पर सजा एक साल तक और जुर्माना 2000 रुपये तक हो सकता था। सरकार ने धारा 9ए के तहत दंड निर्धारण के लिए एक अधिकारी नियुक्त करने का प्रावधान किया है।

# अब तय सीमा से ज्यादा क्षेत्र में हो सकेगी दुर्लभ खनिजों की खोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केंद्र सरकार ने दुर्लभ खनिजों के खनन से जुड़े नियमों में संशोधनों की अधिसूचना जारी कर दी। संशोधित नियमों के तहत लाइसेंस प्राप्त ऑपरेटर तय सीमा से अधिक क्षेत्र में दुर्लभ खनिजों की खोज कर सकेंगे। इससे गहरे क्षेत्रों से खनिजों को निकालने में मदद मिलेगी और इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रयासों को बढ़ावा मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि दुर्लभ खनिजों के खनन क्षेत्र से जुड़े संशोधनों के तहत खनन पट्टों और समग्र लाइसेंसों में सटे हुए क्षेत्रों को खनन में शामिल करने की अनुमति दी जाएगी। साथ ही प्रमुख पट्टों में संबंधित खनिजों को जोड़ने की भी अनुमति होगी। सटे हुए क्षेत्रों को शामिल करने से गहराई में स्थित खनिजों का ज्यादा से ज्यादा खनन बढ़ेगा, जिनकी अलग से खोज आर्थिक रूप से व्यवहार्य नहीं है। नियमों के तहत लाइसेंस प्राप्त आपरेटर मौजूदा पट्टे के क्षेत्र का 10 प्रतिशत या लाइसेंस क्षेत्र का 30 प्रतिशत तक अतिरिक्त क्षेत्र में खनिजों की खोज कर सकेगा। नीलामी वाले पट्टों के लिए ऑपरेटर को जोड़े गए भूमि से खनिजों पर नीलामी प्रीमियम का 10 प्रतिशत भुगतान करना होगा, जबकि गैर-नीलामी पट्टों के धारकों को ऐसे उत्पादन पर रायल्टी के बराबर राशि का भुगतान करना होगा। संशोधनों के तहत खनन पट्टे में किसी भी अन्य खनिज को शामिल करने की अनुमति दी गई है। साथ ही राज्यों के लिए यह अनिवार्य किया गया है कि वे आवेदन मिलने के 30 दिनों के भीतर ऐसी अनुमति प्रदान करें। एमएमडीआर अधिनियम की सातवीं अनुसूची में निर्दिष्ट महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों या जमीन की गहराई में पाए जाने वाले खनिजों को पट्टे में शामिल करने पर कोई अतिरिक्त शुल्क लागू नहीं होगा। ऐसा इन खनिजों के उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया है, क्योंकि ये खनिज बहुत कम मात्रा में पाए जाते हैं और इनका खनन तथा प्रसंस्करण करना काफी कठिन होता है।

**न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी**
**कोरबा, जिला-कोरबा(छ.ग.)**

**नोटिस**

प्रोसेस क 87/2026, प्र.क्र. 55/2021
पेशी तारीख 02.05.2026

**श्रीमती संतोषी साहू** — **आवेदक**
**बनाम**
**रामकिशन साहू वगैरह** — **अनावेदक**

उपरोक्त आवेदक श्रीमती संतोषी साहू ने अनावेदकगण रामकिशन साहू वगैरह के विरूद्ध अंतर्गत धारा 12 (1) घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम के तहत न्यायालय श्रीमान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोरबा छ.ग. में क्रिमिनल एम.जे.सी क्र. 55/2021 प्रस्तुत किया गया है और उक्त आवेदन पत्र की सुनवाई हेतु दिनांक 02/05/2026 तिथि नियत है।

अतः स्वंय अनावेदक :-1.) रामकिशन साहू, उम्र 44 वर्ष, पिता श्री हेमलाल साहू, 2) हेमलाल साहू उम्र 65 वर्ष, पिता स्व. लंबोदर साहू, 3.) श्रीमती खीकबाई साहू, उम्र 42 वर्ष, पिता हेमलाल साहू, 4.) रामरतन साहू उम्र 45 वर्ष, पिता प्रेमलाल साहू, 5.) श्रीमती फिरतीन बाई, पति प्रेमलाल सभी निवासी- ग्राम पोडीशंकर बम्हिनीनडीह थाना व पोस्ट बम्हिनीनडीह तहसील चांपा जिला जांजगीर चांपा छ.ग. 6.) कुन्ती बाई साहू, उम्र-42 वर्ष, पिता हेमलाल साहू निवासी ग्राम कराडी तहसील चांपा, पोस्ट दारंग थाना बाराद्वार जिला जांजगीर चांपा छ.ग. को उक्त प्रकरण के संबंध में कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 27/04/2026 को दिनांक 11:00 बजे उपस्थित होकर अपना जवाबदावा इस न्यायालय में पेश करें, अन्यथा प्रकरण की सुनवाई आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए की जाएगी।

आज दिनांक 08/04/2026 को न्यायालय के मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**(डॉली ध्रुव)**
**न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी**
**कोरबा, जिला-कोरबा(छ.ग.)**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**हसौद, जिला सक्ती (छ.ग.)**

ग्राम- किकिरदा प.ह.नं. 09
दिनांक - 09/04/2026

**ईश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री बलराम आदित्य पिता स्व. रेशमलाल आदित्य जाति कहरा ग्राम किकिरदा प.ह.नं. 09 तहसील हसौद जिला सक्ती (छ.ग.) ने इस न्यायालय ने अपने पिता स्व. रेशमलाल आदित्य के मृत्यु दिनांक 01/07/ 1994 को ग्राम किकिरदा पर पंजीयन हेतु आवेदन पत्र पंचनामा शपथ पत्र सहित पेश किया है।

अतः जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 24/04/2026 को समय 11:00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/04/2026 को इस न्यायालय की सील मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**हसौद**
**जिला-सक्ती (छ.ग.)**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**हसौद, जिला सक्ती (छ.ग.)**

ग्राम- किकिरदा प.ह.नं. 09
दिनांक - 09/04/2026

**ईश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री बलराम आदित्य पिता स्व. रेशमलाल आदित्य जाति कहरा ग्राम किकिरदा प.ह.नं. 09 तहसील हसौद जिला सक्ती (छ.ग.) ने इस न्यायालय ने अपने बडे पिता मोहितराम आदित्य के मृत्यु दिनांक 06/02/2008 को ग्राम किकिरदा पर पंजीयन हेतु आवेदन पत्र पंचनामा शपथ पत्र सहित पेश किया है।

अतः जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 24/04/2026 को समय 11:00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/04/2026 को इस न्यायालय की सील मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**हसौद**
**जिला-सक्ती (छ.ग.)**

### चोरी के 3 अलग-अलग मामलों का पुलिस ने किया खुलासा बाइक सहित अन्य सामान जब्त

**कोरबा।** जिला पुलिस की टीम ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चोरी के 3 मामलों को सुलझाने में सफलता हासिल की है। जिसमें आरोपियों के कब्जे से मोटर साइकिल, एक्टिवा, गैस सिलेंडर सहित अन्य सामानों को बरामद किया है। पहली घटना सीएसईबी चौकी क्षेत्र की है। बरपारा कोहड़िया निवासी हंसराज खांडे विगत दिनों अपने परिवार सहित विवाह कार्यक्रम में बाहर गए हुए थे। इसी दौरान अज्ञात आरोपियों द्वारा घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया गया तथा आलमारी एवं गुल्लक में रखी नगदी रकम, लगभग 35 किलो चावल, एक गैस सिलेंडर एवं स्पाइस कंपनी का होम थियेटर चोरी कर लिया गया। इस मामले में पुलिस ने विवेचना के दौरान मुखबिर सूचना के आधार पर संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।

## दोस्त की पत्नी से छेड़छाड़ करने वाले आरक्षक के खिलाफ मामला दर्ज

**कोरबा।** एक आरक्षक द्वारा अपने ही दोस्त की पत्नी के साथ छेड़छाड़ किया जाता था और उस पर बुरी निगाहें रखता था। लगातार छेड़छाड़ की घटना से परेशान विवाहिता ने इस मामले की लिखित शिकायत पुलिस थाने में दर्ज कराई है। जिस पर पुलिस ने तत्काल एक्शन लेते हुए आरक्षक के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन थाना प्रभारी नवीन कुमार पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि बांगो थाना में पदस्थ आरक्षक दीप नारायण त्रिपाठी मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत एक युवक से उसकी दोस्ती थी और उसके घर लगातार आना जाना था। उसकी जान पहचान होने की वजह से उसकी पत्नी से भी वह अक्सर बातचीत किया करता था। बताया जाता है कि 2 अप्रैल को आरक्षक दीपनारायण त्रिपाठी विवाहिता के घर पहुंचा और जब उसका पति घर पर नहीं था तो उसे के साथ उसने छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया है। विवाहिता ने मामले के लिखे शिकायत सिविल लाइन थाने में की है जिस पर पुलिस ने आरक्षक दीप नारायण त्रिपाठी के खिलाफ धारा 74 बीएनएस के तहत अपराध पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जाँजगीर मार्केट

सेन्ट्रीग सामान का थोक भंडार
आपके शहर जांजगीर में सिंघानिया लकड़ी लघु उद्योग मे बल्ली, राप्टर, कढी, बत्ता, वेडी, सेन्टीग प्लेट, सेन्टीग प्लाई बांस, चौखट, खिड़की दरवाजे थोक एवं चिल्हर कम दर पर प्राप्त करे बबूल,सागौन, सराई, खम्हार एवं अन्य इमारती लकड़ी मिलने का एक मात्र स्थान
नोट - जलाऊ लकड़ी एवं जलाऊ गुटका थोक एव चिल्हर मे प्राप्त करे
विशेष - अग्निशामक यंत्र (फायर सेफ्टी) मिलने का एक मात्र स्थान
सिंघनिया लकड़ी लघु उद्योग
नेती जी चौक लिंक रोड जांजगीर बैंक आफ बडौदा के बाजू मे
प्रो. शंकर सिंघानिया मो-93023 62173

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छतीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# अक्षय ने दोस्तों के साथ बिताए समय को किया याद

**मुंबई।** अक्षय कुमार, राजपाल यादव और वामिका गब्बी के साथ अन्य कलाकार इस वक्त अपनी आने वाली फिल्म 'भूत बंगला'के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस बीच अक्षय कुमार ने अपनी पढ़ाई को लेकर बड़ा खुलासा किया, जिसे सुनकर सब चौंक गए। अक्षय कुमार फिलहाल रियलिटी शो व्हील ऑफ फॉर्च्यून होस्ट कर रहे हैं। इस बीच उन्होंने अपने बचपन के दोस्तों को दर्शकों से मिलवाया और बताया कि वे स्कूल में बैकबेंचर थे, जिन्हें पास होने में भी काफी स्ट्रगल करना पड़ता था। उन्होंने कहा, 'हम लोग केजी से साथ हैं और केजी से 9वीं क्लास के बीच हम लोग तीन बार फेल हुए हैं।

## लाइफ Style

# अनीत

## शक्ति शालिनी में डबल रोल करेंगी प्ले

एजेंसी ⏭ मुंबई

मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की अपकमिंग फिल्म 'शक्ति शालिनी' को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म की लीड एक्ट्रेस अनीत पड्डा इस फिल्म में डबल रोल करती नजर आएंगी।

'स्त्री' यूनिवर्स को और व्यापक रूप देती इस मशहूर हॉरर कॉमेडी फिल्म में अनीत के दोनों किरदार एक-दूसरे के बिलकुल विपरीत होंगे। फिल्म में उनके दो किरदारों के नाम 'शक्ति' और 'शालिनी' रखे गए हैं। जो कहानी में रोमांच और डर का जबरदस्त तड़का लगाने के लिए तैयार हैं। आदित्य सरपोतदार के निर्देशन में बन रही यह फिल्म बंगाली लोक कथाओं से प्रेरित है। मिड डे की एक रिपोर्ट के मुताबिक यह अच्छाई और बुराई के बीच की एक हमेशा चलती रहने वाली लड़ाई है। इसमें 'शालिनी' का किरदार एक ऐसी प्रेतनी का है, जो बदले की भूखी है। शालिनी पेड़ों और पानी वाली जगहों में रहती है और मर्दों को सजा देती है। वहीं 'शक्ति' का किरदार देवी काली के स्वरूप से प्रेरित है। जिन्हें बुराई का विनाश करने वाली सर्वोच्च शक्ति माना जाता है। फिल्म में शक्ति का मुकाबला शालिनी से होगा। अनीत के इन 2 शक्तिशाली अवतारों ने फैंस के बीच अभी से एक्साइटमेंट बढ़ा दिया है। अनीत पड्डा के इस किरदार की पहली झलक पिछले साल आयुष्मान खुराना की फिल्म 'थामा' के पोस्ट-क्रेडिट सीन में दिखाई गई थी। इसमें उन्हें 'सृष्टि की रचयिता, विनाशक और सबकी मां' के रूप में दिखाया गया।



## हॉलीवुड मसाला



# गेम ऑफ थ्रोन्स से हुए मशहूर

**लॉस एंजिल्स।** हिट सीरियल 'गेम ऑफ थ्रोन्स' में अपनी भूमिका के लिए मशहूर अभिनेता माइकल पैट्रिक का निधन हो गया है। वह 35 साल के थे। उन्होंने मुख्य रूप से दिस टाउन, ब्लू लाइट्स, माई लेफ्ट नट और डच सीरियल द स्पेक्टैकुलर में अभिनय किया है। वह आरटीई के ब्लास्ट्स फ्रॉम द पास्ट और बर्नार्ड डन की मिथिकल हीरोज में भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आए हैं। इसके अलावा माइकल ने लोकप्रिय टीवी श्रृंखला गेम ऑफ थ्रोन्स के छठे सीजन के एपिसोड द ब्रोकन मैन में एक वाइल्डलिंग दंगाई की छोटी, लेकिन यादगार भूमिका निभाई थी।



# एक्सट्रैक्शन 3 में फिर दमदार रोल में लौटेंगे

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल स्टार क्रिस हेम्सवर्थ की पॉपुलर एक्शन फ्रेंचाइजी एक्सट्रैक्शन को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। फिल्म के तीसरे पार्ट की तैयारियां शुरू हो गई हैं, और अब फिल्म में एक और बड़ा हॉलीवुड एक्टर शामिल होने वाला है। एक बार फिर क्रिस हेम्सवर्थ अपने दमदार किरदार टायलर रेक के रूप में वापसी करने जा रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फिल्म में इदरीस एल्बा भी नजर आएंगे, जो पहले भी इस फ्रेंचाइजी का हिस्सा रह चुके हैं। उनके साथ गोलशिफ्तेह फरहानी भी अपनी भूमिका दोहराती दिखेंगी। फिल्म को एक बार फिर डायरेक्टर सैम हार्ग्रेव ही डायरेक्ट करेंगे, जिन्होंने पहले दोनों पार्ट्स को भी संभाला था। एक्सट्रैक्शन सीरीज की शुरुआत 2020 में हुई थी और इसके बाद 2023 में इसका दूसरा पार्ट आया, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया।



# राका बनकर डराएंगे दीपिका होंगी साथ

**मुंबई।** साउथ के बेहतरीन एक्टर अल्लू अर्जुन ने अपने जन्मदिन पर अपकमिंग फिल्म का नाम और पोस्टर रिवील किया है। पहले उनकी इस फिल्म को 'एए2xए6' के नाम से जाना जाता था। पोस्टर कई भाषाओं में रिलीज किया गया है। इसमें अंग्रेजी और हिंदी जैसी भाषाएं भी शामिल हैं। पोस्ट शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा है 'एए2xए6' का नाम अब राका है। खुद को सीमाओं से आगे देखने के लिए तैयार करें।' इसमें अल्लू अर्जुन, एटली और दीपिका पादुकोण को टैग किया गया है। 'राका' के पोस्टर में देखा जा सकता है कि अल्लू अर्जुन का आधा चेहरा नजर आ रहा है। अपने चेहरे को उन्होंने छुपाया है। उनके चेहरे के आगे किसी जानवर का पंजा है, जो काफी डरावना लग रहा है। उनके सर पर बाल नहीं हैं। उनकी भौहें बनी हुई हैं।



# डकैत की टिकट बेचते नजर आए जमील

**मुंबई।** फिल्म 'धुरंधर' में जमील जमाली के किरदार से सुर्खियों में छाए राकेश बेदी का डायलॉग 'मेरा बच्चा है तू...' लोगों के बीच काफी प्रसिद्ध हो गया है। यहां तक कि अब निर्देशक अपनी फिल्म के प्रमोशन के लिए राकेश बेदी का सराहा ले रहे हैं। एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें राकेश सिनेमाघर के टिकट काउंटर पर 'डकैत' की टिकट बेचते नजर आ रहे हैं। उनका यह मजेदार अंदाज सोशल मीडिया पर पसंद किया जा रहा है। मृणाल ठाकुर ने एक खास वीडियो अपनी फिल्म डकैत की रिलीज के ठीक एक दिन पहले इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इस वीडियो में राकेश अभिनेत्री मृणाल ठाकुर की फिल्म डकैत की टिकटें बेचते नजर आ रहे हैं। फिल्म 'डकैत' 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## टीवी मसाला



# तुलसी का जलवा बरकरार अनुपमा का हुआ बुरा हाल

**नई दिल्ली।** गुरुवार को 13वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट सामने आ चुकी है। इस बार भी स्मृति ईरानी स्टारर सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' अव्वल रहा है। टीआरपी लिस्ट में 1.8 की टीआरपी मिली है। जबकि 12वें हफ्ते में इसकी अपनी टीआरपी 2.0 थी। देखा जाए तो इस 13वें हफ्ते में आकर इस सीरियल की टीआरपी कम हुई है। इन दिनों सीरियल में तुलसी, मिहिर के और नोयना के उलझे रिश्तों वाला ट्रैक चल रहा है। 13वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में दूसरे नंबर पर सीरियल 'गंगा मां की बेटियां'रहा है। इसको भी 1.8 की टीआरपी मिली है। जबकि 12वें हफ्ते में यह सीरियल पांचवें नंबर पर था। इस तरह 'गंगा मां की बेटियां'इस पर टीआरपी चार्ट में ऊपर आया है। इन दिनों टीवी और फिल्म एक्टर शरद केलकर का सीरियल 'तुम से तुम तक'भी काफी पसंद किया जा रहा है। 13वें की टीआरपी लिस्ट में इसे 1.8 की टीआरपी मिली है। जबकि 12वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में शरद केलकर के सीरियल 'तुम से तुम तक'को 1.9 की टीआरपी मिली थी। 13वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में चौथे नंबर पर सीरियल वसुधा रहा है, इसकी टीआरपी 1.7 रही है। वहीं ,पांचवें नंबर पर रुपाली गांगुली का सीरियल अनुपमा रहा है। इस सीरियल की टीआरपी लगातार कम हो रही है। 13वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में इसे पांचवां स्थान मिला है, इसको भी 1.7 की टीआरपी मिली है। जबकि 12वें हफ्ते में यह सीरियल चौथे नंबर था और इसकी टीआरपी 1.8 थी।

## खोपड़ी-पसली वाला खाना देख चकराया सिर

**नई दिल्ली।** 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' में सबसे बड़ा डर हमेशा से किसी खाने को बिगाड़ देना रहा है। लेकिन, क्या होता है जब एक बिगड़ी हुई रेसिपी का डर एक भूतिया घर के आतंक से टकराता है? इसका जवाब शो के अब तक के सबसे अराजक और कॉमेडी से भरपूर ट्विस्ट में छिपा है, जब किचन पूरी तरह से भूत बंगले में बदल जाती है और इसके स्टार कलाकार भी मस्ती में शामिल हो जाते हैं। थीम है - कॉर्न रिब्स और टेटर टॉट्स, जिन्हें खोपड़ी और पसलियों के आकार में सजाया गया है। टेटर टॉट्स पांच इंच लंबे, खोपड़ी के आकार के, सुनहरे भूरे रंग के, बाहर से कुरकुरे और अंदर से नरम होने चाहिए, और उन पर तीखा पेरी पेरी मसाला लगा होना चाहिए। वहीं, कॉर्न रिब्स कम से कम छह बिल्कुल सही कटे हुए टुकड़ों में होने चाहिए, कुरकुरे और रसदार, मक्खन, नींबू और मिर्च के मसाले में लपेटे हुए।



# गिन्नी वेड्स सनी 2 में पहलवानी करते नजर आए अविनाश

मुंबई। अविनाश तिवारी और मेधा शंकर की रोमांटिक-कॉमेडी ड्रामा फिल्म 'गिन्नी वेड्स सनी 2' का ट्रेलर गुरुवार को रिलीज कर दिया गया है। फिल्म के ट्रेलर में अविनाश एक पहलवान के रूप में नजर आए। तो वहीं फिल्म की अभेनित्री मेधा शंकर का मॉर्डन स्टाइल देखने को मिला। । 'गिन्नी वेड्स सनी 2' 24 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ट्रेलर में नई जोड़ी अविनाश और मेधा दिख रही है। ये जोड़ी पहले वाली फिल्म में विक्रांत मैसी और यामी गौतम ने निभाई थी। इस सीक्वल में पूरी नई कहानी है। अविनाश (सनी) पहलवान हैं और मेधा (गिन्नी) शादी की हलचल में मजेदार और अनोखे ट्विस्ट लाती हैं। ट्रेलर में भरपूर रोमांस, हंसी और मनोरंजन है। फिल्म 'गिन्नी वेड्स सनी 2' के निर्माताओं ने आज ट्रेलर रिलीज करके फैंस की उत्सुकता को बढ़ा दिया है। ट्रेलर रिलीज से पहले हाल ही में इस फिल्म के दो गाने 'छाप तिलक' और 'ऐ खुदा' जारी किए गए थे। दोनों गाने दर्शकों को बहुत पसंद भी आए। इन गानों में फिल्म की कहानी साफ दिखाई देती है। इन गानों में भावनाओं और रोमांस को बखूबी दिखाया गया है। 'गिन्नी वेड्स सनी 2' 2020 में नेटफ्लिक्स पर आई फिल्म 'गिन्नी वेड्स सनी' का दूसरा भाग है। उसमें विक्रांत मैसी और यामी गौतम थे। अब 'गिन्नी वेड्स सनी 2' में अविनाश तिवारी और मेधा शंकर नजर आएंगे। फिल्म के निर्देशक और लेखक प्रशांत झा हैं। मेधा की मां का रोल लिलेट दुबे ने किया है। इसके अलावा सुधीर पांडे, गोविंद नामदेव और गोपी भल्ला जैसे दमदार कलाकार भी हैं। जी स्टूडियोज और साउंड्र्या प्रोडक्शन ने इसे बनाया है।



# गुड्डी की मासूमियत ने जीता था शहंशाह का दिल

**नई दिल्ली।** एक सफल अभिनेत्री, पत्नी और मां; जया ने अपने जीवन के हर रंग को भरपूर जिया है। साल 1971 में फिल्म 'गुड्डी' से उन्होंने अपने फिल्मी सफर की शुरुआत की। 1972 में पहली बार उन्होंने अमिताभ बच्चन के साथ फिल्म 'बंसी बिरजू' में काम किया पर बच्चन से पहली मुलाकात तो 'गुड्डी' के सेट पर ही हो गई थी। फिल्मी सेट पर मिले ये दो दिल तब तक यह नहीं जानते थे की वो एक साथ लंबे वक्त तक धड़केगें।

***गुड्डी के सेट पर मिली नजरें :*** जया और अमिताभ बच्चन की प्रेम कहानी पुणे फिल्म संस्थान में शुरू हुई। अमिताभ प्रसिद्ध निर्देशक के. अब्बास के साथ पुणे आए थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक अमिताभ को पहली बार जया के लिए एहसास तब जागा जब उन्होंने पहली बार उन्हें एक पत्रिका के कवर पेज पर देखा। इसके बाद दोनों पहली बार फिल्म 'गुड्डी' के सेट पर मिले। फिल्म में अमिताभ ने कैमियो किया था। एक पुराने इंटरव्यू में जया ने कहा कि अमिताभ की आंखों से उन्हें पता चल गया था कि वो एक दिन स्टार बनेंगे।



**53 साल का साथ :** अब अमिताभ और जया की शादी को 53 साल बीत चुके हैं। दोनों खुशहाल जीवन जी रहे हैं। अब जया सिर्फ पत्नी ही नहीं दो बच्चों (अभिषेक बच्चन और स्वेता नंदा) की मां भी है। बहू के रूप में उन्हें एश्वर्या राय बच्चन मिली हैं।

### राजेश ने जताई थी आपत्ति

एक-दूसरे को पसंद करने का जो सिलसिला गुड्डी से शुरू हुआ था वो फिल्म बंसी बिरजू और एक नजर में परवान चढ़ा। फिल्म की शूटिंग के दौरान दोनों की नजदीकियां बढ़ी। जया जहां समझ चुकी थी कि यह प्यार है वहीं अमिताभ अब भी इसकी दस्तक नहीं सुन पा रहे थे। हालांकि, धीरे-धीरे दोनों को यह महसूस हो गया। जया और अमिताभ एक होना चाहते थे। खबरों की मानें तो जया के करीबी दोस्त और सुपरस्टार राजेश खन्ना को दोनों का रिश्ता सही नहीं लगा। इस पर एक्टर ने आपत्ति जताई थी। मगर तब तक अमिताभ का जादू जया पर चल चुका था।

### एक ट्रिप ने मिस जया को बनाया मिसेज जया

दो साल गुजर गए। साल 1973 में फिल्म 'जंजीर' की सफलता के बाद अमिताभ बच्चन सुपरस्टार बन गए। इस सफलता का जश्न मनाने के लिए अमिताभ दोस्तों के साथ फॉरिन ट्रिप पर जाना चाहते थे। वो चाहते थे कि जया भी उनके साथ लंदन जाएं। मगर दोनों के परिवारों को पता चला तो इस पर मंजूरी नहीं मिली। न तो पारंपरिक बच्चन परिवार ने अमित को इजाजत दी, न ही कला के भक्त भादुड़ी परिवार ने जया को। मगर अमिताभ की जिद थी कि वो जया के साथ ही लंदन जाएंगे। इस पर परिवार वालों ने कहा कि अगर दोनों शादी कर लें तो किसी को कोई परेशानी नहीं है। इसके बाद बिना देरी किए अमिताभ बच्चन और जया भादुड़ी ने 3 जून 1973 एक निजी समरोह में फेरे ले लिए।

## कन्नड़ अभिनेता यश लंकापति रावण की भूमिका में आएंगे नजर

# कई अभिनेताओं ने निभाया रावण का किरदार, दर्शकों के दिलों में आज भी बसे अरविंद

***नई दिल्ली।*** *नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' का टीजर हाल ही में रिलीज हुआ है। इस फिल्म में राम की भूमिका में रणबीर कपूर, माता सीता की भूमिका में साई पल्लवी और लंकापति रावण की भूमिका में यश हैं। रामानंद सागर की 'रामायण' पूरे देश में आज भी बहुत चर्चित है। उस समय यह सीरियल टीवी पर रविवार को आया करता था, जिसे लाखों-करोड़ों लोग देखते थे। अरविंद त्रिवेदी का रावण का रोल इतना जबरदस्त और यादगार रहा कि लोग आज भी उन्हें 'रावण' के नाम से ही जानते हैं। अरविंद त्रिवेदी का रावण का किरदार सदाबहार है, लेकिन अरविंद के अलावा भी कई अभिनेताओं ने रावण की भूमिका निभाई है। वहीं अब नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' में कन्नड़ अभिनेता यश लंकापति रावण की भूमिका में नजर आएंगे।*



### रावण के किरदार को बना दिया अमर

रामानंद सागर की 'रामायण' में अरविंद त्रिवेदी का रावण का किरदार बहुत शक्तिशाली और भयानक दिखाया गया था। दस सिर वाले रावण के रूप में उनकी एक्टिंग ने दर्शकों को काफी इंप्रेस किया। कई लोगों का कहना है कि न तो पहले ऐसा रावण हुआ और न ही बाद में कभी होगा। उनकी आवाज, बॉडी लैंग्वेज और अभिनय ने उन्होंने रावण के अपने इस किरदार को अमर बना दिया। असल में अरविंद त्रिवेदी केवट (नाविक) का रोल करने के लिए ऑडिशन देने गए थे, लेकिन रामानंद सागर ने उनकी आवाज और लुक देखकर उन्हें सीधे रावण का रोल दे दिया। उन्होंने 300 से ज्यादा लोगों को पीछे छोड़कर यह रोल हासिल किया। अरविंद त्रिवेदी का निधन हो चुका है, लेकिन 'रामायण' में रावण के किरदार में उनकी भूमिका लोगों के दिलों में आज भी जिंदा है।

### यश की दी दिखाई झलक

नितेश तिवारी निर्देशित आगामी फिल्म 'रामायण' का पहला भाग 2026 में रिलीज होने वाला है। इस फिल्म में रावण का किरदार साउथ अभिनेता यश निभाएंगे। हाल ही में रिलीज हुए 'रामायण' के टीजर में रावण के किरदार में यश की झलक सिर्फ पीछे से दिखाई गई है। तो क्या यश अभिनेता अरविंद त्रिवेदी जैसा जादू दर्शकों पर चला पाएंगे? यह तो इस फिल्म रिलीज के बाद ही पता चलेगा।

***अखिलेंद्र :*** *अभिनेता अखिलेंद्र मिश्रा 2008 में आनंद सागर की 'रामायण' सीरियल में रावण बने। अखिलेंद्र मिश्रा ने रावण को सिर्फ क्रोधी और खलनायक के रूप में नहीं, बल्कि भावुक और मानवीय पक्ष भी दिखाया। उन्होंने कहा था कि वह रावण को रोते हुए दिखाना चाहते थे। अखिलेंद्र मिश्रा को फिल्मों में भी खलनायक रोल्स के लिए जाना जाता है, जैसे फिल्म 'लगान' में उनका रोल याद किया जाता है। उन्होंने टीवी पर कई पावरफुल किरदार निभाए हैं।*

***निकितन :*** *निकितन धीर ने 'श्रीमद् रामायण' (2024) सीरियल में रावण का किरदार निभाया है। पंकज धीर के बेटे निकितन ने रावण के लुक, मेकअप और एक्टिंग से काफी तारीफें बटोरीं। उनकी हाइट और परफॉर्मेंस रावण की शक्तिशाली छवि से मैच करती है। कई दर्शक मानते हैं कि उन्होंने रावण को अच्छे तरीके से जीवंत किया है।*

***सैफ :*** *बॉलीवुड स्टार सैफ अली खान ने फिल्म आदिपुरुष में रावण का रोल किया। हालांकि, फिल्म को काफी आलोचना मिली, लेकिन सैफ ने रावण का भव्य और खतरनाक रूप पेश करने की कोशिश की। यह उनका पहला बड़ा पौराणिक खलनायक रोल था। हालांकि, सैफ रावण के रोल में दर्शकों के दिलों में खास जगह नहीं बना सके।*

***प्रेमनाथ :*** *प्रेमनाथ क्लासिक अभिनेता थे। उन्होंने 1976 की फिल्म जय बजरंगबली में लंकेश्वर रावण का किरदार निभाया। पुरानी हिंदी सिनेमा में वह विलेन और सशक्त रोल्स के लिए मशहूर थे। उनका रावण वाला रोल भी याद किया जाता है।*

**खबर संक्षेप**

## भीषण गर्मी में क्षेत्र के लोगों को प्राप्त होगा शीतल जल



**अकलतरा।** आम जनों के लिए सा मिल परिसर अकलतरा में वाटर कूलर लगाया गया। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अंकित सिंह सिसोदिया के द्वारा अपने पिता स्व. अनूप कुमार सिंह की स्मृति में वाटर कूलर समर्पित किया गया। नगर पालिका उपाध्यक्ष दिवाकर सिंह राणा एवं अनिल सिंह सिसोदिया के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर वाटर कूलर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिवाकर सिंह राणा ने कहा कि अपनों की स्मृति को संजोने के लिए इस प्रकार के सामाजिक कार्य श्रेष्ठ उदाहरण हैं। इस वाटर कूलर के माध्यम से भीषण गर्मी में क्षेत्र के लोगों को शीतल जल प्राप्त हो सकेगा। अनिल सिंह सिसोदिया ने कहा कि इस प्रकार के सेवा कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक होते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने स्व. अनूप कुमार सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में राज कुमार सिंह, शंकर वाधवा, अभिजीत सोनवानी, उज्जवल दीवान, वेदांत सिसोदिया, अकबर खान, गुन्नू कुमार, अमन सोनवानी, नूर खान, मोना यादव, दिलीप रायकर, सोनू कुमार, मनीष दिनकर सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## पूर्व नेता प्रतिपक्ष के प्रयास से विकास कार्य के लिये 30 लाख रुपए स्वीकृत

**जांजगीर-चांपा।** छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के सतत प्रयास व अनुशंसा



से नैला वार्ड क्र. 4 मुक्तिधाम के विकास कार्य के लिये 30 लाख रूपये नगरीय प्रशासन विकास विभाग द्वारा स्वीकृति प्राप्त हुई है। नगर पालिका परिषद् जांजगीर-नैला के पी.आई.सी. की बैठक में इसका प्रस्ताव पारित कर राज्य शासन को प्रेषित किया गया था। पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने इस प्रस्ताव की स्वीकृति प्रदान करने के लिये उप मुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव से भेट कर ज्ञापन सौंपा था तथा इसे स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया था, जिसकी स्वीकृति प्राप्त हो गई है। इसके लिये पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री चंदेल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव, जिला प्रभारी मंत्री ओ.पी. चौधरी को इसकी स्वीकृति प्रदान करने के लिये अभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रेखा देवा गढ़ेवाल, उपाध्यक्ष मोहन यादव, पार्षद मोतीलाल डहरिया, रघुनंदन कश्यप, श्रीमती सुनीता यादव, श्रीमती खुशबू राठौर, अजीत गढ़ेवाल, गुड्डू कहरा, सुनील कश्यप, पंकज कहरा, दिनेश राठौर, श्रीमती प्रितीरानी यादव, श्रीमती निर्मला सिंह, श्रीमती मनीषा गोपाल ने नैला मुक्तिधाम में विकास कार्य के लिये राशि स्वीकृत करने हेतु मुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन मंत्री, जिला प्रभारी मंत्री ओ.पी. चौधरी एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के प्रति अभार व्यक्त किया है।

## प्रांतीय महासभा में पेंशन के लिए पूर्व सेवा गणना की मांग हुई बुलंद



**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन द्वारा रायपुर में प्रांतीय महासभा का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रायपुर उत्तर विधानसभा के विधायक पुरंदर मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने की। इस महासभा में प्रदेश भर से आए पदाधिकारियों और शिक्षकों ने प्रथम नियुक्ति से पेंशन की एक सूत्रीय मांग को लेकर जोरदार हुंकार भरी। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी ने बताया कि मुख्य अतिथि रायपुर उत्तर विधानसभा के विधायक पुरंदर मिश्रा ने शिक्षकों की मांगों को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि वे पेंशन संबंधी इन जायज मांगों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाएंगे। उन्होंने शीघ्र ही एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात मुख्यमंत्री से कराने का भी भरोसा दिलाया। प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने मुख्य अतिथि को मांग पत्र सौंपते हुए सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षकों की जीरो पेंशन व्यवस्था की व्यथा साझा की। मांग पत्र में निम्नलिखित प्रमुख बिंदुओं को रेखांकित किया गया- प्रथम नियुक्ति से गणना- वर्तमान में पेंशन हेतु सेवा अवधि की गणना संविलियन तिथि (1 जुलाई 2018) से की जा रही है, जिससे 2028 से पहले सेवानिवृत्त होने वाले एलबी संवर्ग के शिक्षक पुरानी पेंशन से वंचित हो रहे हैं। अतः पुरानी पेंशन के लिए पूर्व सेवा (प्रथम नियुक्ति) की गणना की जाए। 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन- भारत सरकार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकार की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी 33 वर्ष के स्थान पर 20 वर्ष की अर्हकारी सेवा में पूर्ण पेंशन (अंतिम वेतन का 50 प्रतिशत) का प्रावधान किया जाए। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा विभिन्न याचिकाओं (जैसे रमेश चंद्रवंशी एवं अन्य) में दिए गए निर्देशों का उल्लेख किया गया, जिसमें पेंशन को स्थगित पारिश्रमिक माना गया है और संविलियन से पूर्व की दीर्घकालीन सेवाओं को नजरअंदाज न करने की बात कही गई है। इन आधारों पर पूर्व सेवा अवधि को पेंशन योग्य सेवा मानते हुए प्रथम नियुक्ति तिथि से पेंशन की गणना किया जावे। स्कूल शिक्षामंत्री ने अपने बयान में कहा है कि सरकार टीईटी के मामले का रास्ता निकालेगी, शिक्षकों की मांग पर पूरी गंभीरता के साथ विचार हो रहा है।

### समय-सीमा में कार्य पूरा करने दिए निर्देश, कहा गुणवत्ता मानकों से नहीं होगा किसी प्रकार का समझौता

# शिवरीनारायण-खरौद में जल योजनाओं का कलेक्टर ने किया निरीक्षण, धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

शिवरीनारायण-खरौद में चल रहे जल योजनाओं के कार्य का कलेक्टर ने निरीक्षण किया किया। इस दौरान उन्होंने ओवरहेड टैंक निर्माण, पाइपलाइन विस्तार, जल स्रोत से कनेक्टिविटी सहित विभिन्न तकनीकी कार्यों की प्रगति का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान धीमी प्रगति पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए समय-सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहाकि गुणवत्ता मानकों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप जिले में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से संचालित योजनाओं की समीक्षा के तहत कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने नगरीय निकाय शिवरीनारायण एवं खरौद में निर्माणाधीन जल आवर्धन योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ओवरहेड टैंक निर्माण, पाइपलाइन विस्तार, जल स्रोत से कनेक्टिविटी सहित विभिन्न तकनीकी कार्यों की प्रगति का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं तथा गुणवत्ता के मानकों से किसी भी प्रकार का समझौता न हो।



निरीक्षण के दौरान चर्चा करते कलेक्टर जन्मेजय महोबे।

खरौद में निर्माण कार्य की धीमी गति पर कलेक्टर महोबे ने ठेकेदार के प्रति कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को तत्काल कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि लापरवाही या अनावश्यक विलंब की स्थिति में संबंधितों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि इन योजनाओं के पूर्ण होने पर शिवरीनारायण एवं खरौद क्षेत्र में महानदी से शुद्ध एवं नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी, जिससे आम नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी। इस दौरान कलेक्टर ने जल जीवन मिशन अंतर्गत पामगढ़ समूह जल प्रदाय योजना के तहत निर्माणाधीन जल शुद्धिकरण संयंत्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संयंत्र की कार्यप्रणाली और निर्माण गुणवत्ता की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि योजना का लाभ शीघ्र आमजन तक पहुंच सके।कलेक्टर ने अधिकारियों को सभी योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करने और किसी भी बाधा को समय रहते दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में संचालित सभी निर्माण कार्यों की सतत निगरानी की जा रही है और समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करना सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम, सीएमओ सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जिला पंचायत सीईओ ने आयुष आयुष्मान केंद्र का किया अवलोकन, डॉक्टर मिले अनुपस्थित

**सक्ती।** ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित योजनाओं की वास्तविक स्थिति का आकलन करने जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम जर्वे का निरीक्षण किया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सक्ती वासु जैन द्वारा शुक्रवार को औचक निरीक्षण दौरा किया गया, जिसके अंतर्गत ग्राम जर्वे का व्यापक निरीक्षण किया गया। इस दौरान विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं गतिविधियों की गहन समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान आयुष आयुष्मान केंद्र



का अवलोकन किया गया, जहां डॉक्टर अनुपस्थित पाए गए। अधिकारियों ने केंद्र की कार्यप्रणाली एवं उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान राशन वितरण व्यवस्था एवं स्टॉक की स्थिति की जांच की गई, ताकि पात्र हितग्राहियों को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध हो सके। ग्राम पंचायत जर्वे में हॉर्टिकल्चर विभाग के अंतर्गत हितग्राहियों एवं किसानों द्वारा की जा रही बागवानी, जैसे खीरा एवं टमाटर की खेती का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी गईं तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित योजनाओं की वास्तविक स्थिति का आकलन करना, समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देना रहा। इस दौरान संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नवीन उत्पाद निर्माण तकनीक के बारे में दी गई विस्तृत जानकारी




**जांजगीर-चांपा।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी रैंप योजना के अंतर्गत सीएसआईडीसी रायपुर के बैनर तले एवं एन आई एमएसएमई के सहयोग से सेक्टर स्पेसिफिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत माइनर फॉरेस्ट प्रोड्यूस आधारित फूड प्रोसेसिंग पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र, जांजगीर-चांपा में 6, 7 एवं 8 अप्रैल को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 34 अभ्यर्थियों ने भाग लिया एवं माइनर फॉरेस्ट प्रोड्यूस (जैसे महुआ, आम, इमली, जामुन, आंवला, हर्रा, बहेरा आदि) के वैल्यू एडिशन एवं फूड प्रोसेसिंग से संबंधित व्यावहारिक एवं तकनीकी जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. के. डी. महंत द्वारा प्रतिभागियों को नवीन उत्पाद निर्माण तकनीकों एवं प्रोसेसिंग के उन्नत तरीकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने स्थानीय वन उत्पादों के बेहतर उपयोग एवं मूल्य संवर्धन के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. आशु लता द्वारा प्रतिभागियों को उत्पादों की मार्केटिंग, ब्रांडिंग एवं बाजार से जुड़ाव के विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिससे वे अपने उत्पादों को बेहतर तरीके से बाजार में स्थापित कर सकें। इसके साथ ही प्रशिक्षक आनंद शर्मा द्वारा माइनर फॉरेस्ट प्रोड्यूस से बनने वाले विभिन्न उत्पादों, नई तकनीकों, मार्केटिंग, सर्टिफिकेशन एवं उद्यम स्थापना से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गईं। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर डॉ. के. डी. महंत द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

## गांव चलो अभियान के तहत खोंड़ में जनसंपर्क, हितग्राहियों का सम्मान

**अकलतरा।** भारतीय जनता पार्टी के "गांव चलो अभियान" के अंतर्गत अकलतरा नगर मंडल के तत्वावधान में ग्राम पंचायत खोंड़ में जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रभारी एवं अकलतरा नगर



पालिका पार्षद पिंटू बरेठ ने गांव पहुंचकर हितग्राहियों से मुलाकात की और केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि योजना एवं महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों को माला व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजेश्वर पाटले ने कहा कि "गांव चलो अभियान" का उद्देश्य शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि यह अभियान संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित करने तथा ग्रामीणों से सीधा जुड़ाव बढ़ाने का सशक्त माध्यम है।कार्यक्रम में उपसरपंच राजकुमार कौशिक, बूथ अध्यक्ष धनंजय सिंह, कैलाश निर्मलकर, भोला महाराज, विमल कौशिक, आशा मानिकपुरी, मंजू कौशिक, राजेन्द्र कौशिक, प्रेम यादव सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता, गांव के प्रबुद्धजन एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

## जीवन के प्रत्येक क्षण में परमात्मा का करना चाहिए स्मरण : राजेश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज पीठाधीश्वर श्री शिवरीनारायण मठ एवं श्री दूधाधारी मठ विकासखंड नवागढ़ अंतर्गत स्थित ग्राम मिस्दा एवं पचेड़ा में

- श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ एवं पारिवारिक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए महामंडलेश्वर

आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में सम्मिलित हुए। आयोजकों के द्वारा उनका बहुत ही आत्मियता पूर्वक स्वागत किया गया।

राजेश्री महन्त महाराज ने दोनों ही स्थानों पर व्यास पीठ की पूजा अर्चना की तथा व्यास पीठ पर विराजित आचार्यों ने भी अभिवादन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर अपने आशीर्वचन संदेश में राजेश्री महन्त ने कहा कि- इस तरह के आध्यात्मिक आयोजन होते ही रहना चाहिए इससे आने वाली पीढ़ी को हमारे सनातन धर्म के ग्रन्थो में क्या-क्या बातें लिखी हुई है। इसकी जानकारी प्राप्त होती है। हमें अपने जीवन के प्रत्येक क्षण में परमात्मा का स्मरण करते ही रहना चाहिए। इस धरा धाम के महामानव राजा परीक्षित ने अपने जीवन के अंतिम सात दिनों में श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा को मन, वचन एवं कर्म से आत्मसात करके मोक्ष की प्राप्ति की। परमात्मा से प्रार्थना है कि आप लोगों ने इस यज्ञ का आयोजन जिस उद्देश्य से किया है वह पूरा हो। इन दोनों अलग-अलग स्थान पर विशेष रूप से कमलेश सिंह, राकेश शुक्ला श्रीमती मंदाकिनी शुक्ला, बी एल शुक्ला, जवाहर तिवारी, विनोद शुक्ला, पवन शुक्ला, मनीराम यादव, दरसराम देवांगन, गुलाब कौशिक, चन्द्रशेखर कश्यप, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव सहित अनेक गणमान्य नगरीकगण उपस्थित थे, उल्लेखनीय है कि राजेश्री महन्त अपने इस प्रवास के दौरान ग्राम बरगांव के प्रतिष्ठित नागरिक जोधीश चंद्रा के यहां पारिवारिक कार्यक्रम में भी सौजन्य भेंट मुलाकात के लिए उपस्थित हुए।



उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते महामंडलेश्वर राजेश्री महंत रामसुंदर दास।

## खेल दिवस के अवसर पर खेल महोत्सव का हुआ आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत 1 से 6 अप्रैल तक अंतराष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर समस्त परियोजनाओं के स्थानों पर विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियां आयोजित किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनीता अग्रवाल ने बताया कि परियोजना जांजगीर के ग्राम चौराभाठा, मैसदा, मैसमुड़ी, महंत, खैरा में, परियोजना अकलतरा के ग्राम मुरलीडीह एवं अकलतरा वार्ड नंबर 18 शासकीय स्कूलों में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य खेलों के माध्यम से समाज में समानता भाईचारा, शांति, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक बदलाव में खेलों के भूमिका के संबंध में जानकारी, बालिकाओं को खेल के महत्व को बढ़ावा देते हुए सोशलमिडिया एवं मोबाईल से होने वाले हानिकारक प्रभाव के बारे में बताया गया।

## रामलीला के अद्भुत अभिनय से जीता सबका दिल





कलाकरों के साथ उपस्थित व्हीएलसीटीपीपी महिला मंडल के पदाधिकारी एवं सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

कला-संस्कृति को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से वेदांता एल्यूमिनियम छत्तीसगढ़ थर्मल पावर प्लांट (व्हीएलसीटीपीपी) की महिला मंडल ने रामलीला का आयोजन किया। वेदांता टाउनशिप में आयोजित रामलीला कार्यक्रम में व्हीएलसीटीपीपी संयंत्र में कार्यरत कर्मचारियों और उनके परिवारजनों ने अपने अद्भुत अभिनय से सभी का दिल जीत लिया। सभी कलाकारों को व्हीएलसीटीपीपी महिला मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी पटेल एवं व्हीएलसीटीपीपी के मुख्य प्रचालन अधिकारी देवेंद्र कुमार पटेल के हाथों प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इस दौरान दर्शकों ने महिला मंडल के आयोजन की खूब प्रशंसा की।

## कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर लोगों से किया संपर्क, दी योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलमुला

भारतीय जनता पार्टी के "गांव चलो अभियान" के अंतर्गत मण्डल मुलमुला में कार्यकर्ताओं द्वारा ग्राम नंदेली, चोरभट्ठी, खपरी, जोगीडीपा, जेवरा में जाकर जनसंपर्क अभियान चलाया गया।

इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाना रहा। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप सिंह यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों से मुलाकात की और उन्हें विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही लोगों की समस्याओं को सुना और उनके निराकरण का आश्वासन दिया। अभियान के तहत कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर संपर्क किया और केंद्र सरकार की उपलब्धियों को साझा किया। ग्रामीणों ने भी इस पहल की




सराहना करते हुए अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। मण्डल अध्यक्ष ने कहा कि "गांव चलो अभियान" का मुख्य उद्देश्य सरकार और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है, जिससे अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंच सके। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा जिला मंत्री धनीराम कश्यप, भाजपा पूर्व मण्डल अध्यक्ष दरसराम पटेल, भाजपा महामंत्री द्वय कौशल जोशी, किरण कुम्भकार, उपाध्यक्ष रामपुकार कश्यप, कोषाध्यक्ष धनजीत सिंह, मण्डल मंत्री साखीराम कश्यप, किसान मोर्चा अध्यक्ष चंदाराम कश्यप, अजजा मोर्चा महामंत्री संतोष गोड़, तीजराम कश्यप, राजकमल कुम्भकार, चोलराम कौशिक, डॉ कोमल सिंह राजपूत, मालूराम बंजारे, घासीराम सूर्यवंशी, दिलीप कश्यप, सोहित कश्यप, अक्षे कुमारी कश्यप सहित कार्यकर्ता बड़ी संख्या उपस्थित थे।

## विभागीय अधिकारियों के साथ तालमेल बनाकर फील्ड पर करें काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

जिले में ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक गांव में दीनदयाल अंत्योदय योजना अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका

- कृषि और पशु सखी दीदियों का 14 दिवसीय कृषि उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

मिशन बिहान के तहत चयनित कृषि सखी और पशु सखियां ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान से प्रशिक्षण लेकर शासन के विभागीय अधिकारियो के साथ तालमेल बनाकर फील्ड में क़ृषि और पशुपालन जैसे आजीविका गतिविधियों को बढ़ाने तथा महिला स्व सहायता समूह के महिलाओ को स्व रोजगार की दिशा में जोड़ने का काम करें।

उक्त बातें ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान जांजगीर में आयोजित 14 दिवसीय कृषि उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल जिले के अलग अलग विकासखण्डो से शामिल बिहान की कृषि सखी और पशु सखी दीदियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला पंचायत राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के जिला मिशन प्रबंधक डीएमएम ने ब्यक्त किया। उन्होंने स्व सहायता समूह गठन, ग्राम संगठन और संकुल संगठन द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न आजीविका गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए दी जाने वाली ऋण योजनाओं की जानकारी दी गईं। इसी तरह जिला पंचायत राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अधिकारी रेशम लाल नामदेव ने बिहान कार्यक्रम में कृषि सखी और पशु सखी दीदियों की भूमिका के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही स्व सहायता समूह, ग्राम संगठन, और कलस्टर में लिखने वाली रजिस्टर के प्रकार के बारे में जानकारी दिया। मास्टर ट्रेनर दीनदयाल यादव द्वारा संस्थान के डायरेक्टर लक्ष्मीनारायण सिंकू के मार्गदर्शन में क़ृषि और पशुपालन तथा फेकेल्टी अरुण पाण्डेय व उत्तम राठौर द्वारा बैंकिंग के बारे में जानकारी दी जा रहीं है। प्रशिक्षण में बड़ी संख्या में कृषि सखी व पशु सखी शामिल हुई।



कृषि व पशु सखी दीदियों को जानकारी देते बिहान के जिला मिशन प्रबंधक डीएमएम।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की
अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 15,500/-
09 दिन
EX-हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
20 अप्रैल, 06 मई, 09 मई, 13 मई, 18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411